बिहार सरकार

खान एवं भूतत्व विभाग

# प्रेस रिलिज

## राज्य के विकास में एक और कदम। खनिज ब्लॉकों की होगी शीघ्र नीलामी।

- बिहार राज्य भी अब वृहत खनिज के क्षेत्र में नया आयाम रचेगा। भारत सरकार द्वारा जमुई जिला के सिकन्दरा प्रखण्ड में लौह अयस्क के दो खनिज ब्लॉक, जो मजोस एवं भंटा में स्थित है, की नीलामी के लिए बिहार राज्य को आवंटित किया था। इसके अतिरिक्त रोहतास जिला में भोरा कटरा लाईम स्टोन खनिज ब्लॉक भी राज्य को आवंटित किया गया था। राज्य सरकार ने इनकी नीलामी की स्वीकृति दे दी है।

- माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि मजोस लौह अयस्क खनिज ब्लॉक में 48.40 मिलियन टन एवं भंटा लौह अयस्क खनिज ब्लॉक में 6.49 मिलियन टन रिसोर्स का आंकलन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा किया गया। इसी प्रकार भोरा कटरा लाईम स्टोन खनिज ब्लॉक में 33.25 मिलियन टन रिसोर्स आंकलित है।

- जमुई जिला के मजोस एवं भंटा लौह अयस्क का अनुमानित आरक्षित मूल्य क्रमशः 3817.60 करोड़ रूपये एवं 511.91 करोड़ रूपये अंतर्विभागीय समिति द्वारा अनुमानित किया गया। रोहतास जिला के भोरा कटरा लाईम स्टोन खनिज ब्लॉक का अनुमानित आरक्षित मूल्य 1761.42 करोड़ रूपये निर्धारित किया गया, जिसे आज राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत किया गया है।

- खनिज ब्लॉकों की नीलामी से रॉयल्टी के साथ ऑक्सन प्रीमियम प्राप्त होगा।

- माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा यह भी बताया गया कि राज्य बंटवारे के पश्चात वर्तमान बिहार राज्य में खनिज का अन्वेषण

कार्य सही से नहीं हो पाने से खनिजों का चयन नहीं हो सका है। वर्तमान में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (Geological Survey of India) (GSI) द्वारा अन्वेषण का कार्य किया जा रहा है। इसे और तीव्र गति से कराने की कार्रवाई की जा रही है। नये खनिज ब्लॉकों के अन्वेषण से राज्यान्तर्गत खनिज क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा एवं राज्य विकास की ओर अग्रसर होगा।

- मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत खनिज ब्लॉकों की नीलामी के होने से सीमेंट उद्योग के लिए लाइम स्टोन उपलब्ध होगा एवं सीमेंट के नये कारखाने भी लगाये जायेंगे। लौह अयस्कों के खनन से भी इसपर आधारित उद्योगों की स्थापना होगी एवं राज्य में निवेश के नये मार्ग खुलेंगे।

- राज्य सरकार ने वृहत खनिज ब्लॉकों के नीलामी के लिए ट्रांजेक्शन एडवाईजर के रूप में SBI कैपिटल मार्केट्स लि0 का चयन किया है। नीलामी की कार्रवाई MSTC के ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से पारदर्शी तरीके से करायी जायेगी।

- राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद बिहार में निविदा प्रकाशन की तैयारी जोर–शोर से प्रारंभ कर दी है। शीघ्र निविदा के लिए विज्ञापन प्रकाशित की जायेगी।

- सरकार द्वारा नीलामी में भाग लेने वाले डाकवक्ताओं की हर प्रकार से मदद करेगी। नीलामी में सफल खनन कम्पनियों एवं उद्योग स्थापित करने वाले कम्पनियों को हर तरह के पूर्णतः सहयोग एवं रोजगार सृजन के लिए भी राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।